समाचार

उद्योग मंत्री व महापौर ने किया पार्षद कक्ष का लोकार्पण

(अब पार्षदों को बैठने व साकेत के कार्यालयीन कार्य निपटाने में नहीं होगी परेशानी)

कोरबा 01 जून 2026 – प्रदेश के उद्योग, वाणिज्य, श्रम, आबकारी व सार्वजनिक उपक्रम मंत्री श्री लखनलाल देवांगन एवं महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने आज निगम के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत में नवस्थापित पार्षद कक्ष का लोकार्पण किया, अब निगम के पार्षदगणों को एक ओर जहॉ साकेत भवन में बैठने की सुविधायुक्त व्यवस्था सुनिश्चित हो गई है, वहीं दूसरी ओर पार्षदों को साकेत भवन में अपना कार्यालयीन कामकाज निपटाने में अब कोई परेशानी भी नहीं होगी। लोकार्पण के दौरान सभापति श्री नूतन सिंह ठाकुर, आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय तथा भाजपा जिलाध्यक्ष श्री गोपाल मोदी के साथ निगम के पार्षदगण उपस्थित थे।

नितनई उपलब्धियों को अर्जित करने व शहर एवं निगम की व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित करने की दिशा में बढ़ रहे नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत में उद्योग मंत्री श्री देवांगन के मार्गदर्शन तथा महापौर श्रीमती राजपूत व सभापति श्री ठाकुर के दिशा निर्देशन में पार्षदों के बैठने व कामकाज संपादन करने हेतु एक सुव्यवस्थित एवं बड़े साईज के कक्ष की व्यवस्था आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय के द्वारा कराई गई है, साकेत भवन के शासकीय हितग्राही पेंशन

योजना विभाग के बगल में यह पार्षद कक्ष बनाया गया है तथा उसे व्यवस्थित स्वरूप दिया गया है। आज उद्योग मंत्री श्री देवांगन व महापौर श्रीमती राजपूत ने फीता काटकर कक्ष का लोकार्पण किया एवं पार्षदगणों को बधाई व शुभकामनाएं दी। इस मौके पर निगम के सभापति नूतन सिंह ठाकुर, आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय, भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी, निगम के पार्षदगण तथा अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित थे।